>

Title: Need to undertake renovation of Sabaiya airport in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar and operate domestic flights from the airport.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): हमारे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र् बिहार राज्य के गोपालगंज के ग्राम सबैया हवाई अड्डे का निर्माण सन् 1932 में हुआ था। इस हवाई अड्डा का उपयोग द्वितीय विश्व युद्ध में और 1962 में किया गया था। इस हवाई अड्डे का क्षेत्र्फल बहुत लंबा चौड़ा है। यह मरम्मत और रख रखाव के अभाव में खराब हो रहा है। सरकार घरेलू उड़ान के लिए हवाई अड्डा निर्माण के लिए जमीन खोज रही है।

मैं आपके माध्यम से माननीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री जी से मांग करता हूं कि उक्त हवाइ अड्डे की मरम्मत करा कर इसे घरेलू एवं अंतर्राज्जीय उड़ान में उपयोग कराने का कष्ट करें।